F.Y.M.A. (Hindi) (CBCS Pattern) First Semester

# MAHNCBCS103-Paper-III Elective Course
# Adhunik Hindi Kavya
# (आधुनिक हिन्दी काव्य)

P. Pages : 3 **GUG/W/18/10247**

Time : Three Hours Max. Marks : 80

---

सूचनाएँ :- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** निम्नलिखित अवतरणों में से **किन्ही तीन** की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए । **30**

क) ''ज्यों होता है शरद ऋतु के बीतने से हताशा,
स्वामी सेवी श्रतिशत तुषावान प्रेमी पपीहा
वैसे ही श्री कुँवर-वर के द्वारिका में पधारे
छाई सारी व्रज-श्रवनि में सर्वदेशी निराशा ।''

ख) मेरे प्यारे नव जलद से कंज से नेत्र वाले
जाके आए न मधुबन से औ न भेजा संदेसा ।
मैं रो-रो के प्रिय विरह से बावली हो रही हूँ,
जा के मेरी सब कथा श्याम को तू सुना दे ।

ग) देख मुझको, मैं गढ़ा
डेढ़ बलिश और ऊँचे पर चढ़ा
और अपने से उगा मैं
बिना दाने के चुगा मैं
कलम मेरी नहीं लगता,
मेरा जीवन आप जगता

घ) अस्तु मैं उपार्जन को अक्षम
कर नहीं सका पोषण उत्तम
कुछ दिन को, जब तू रही साथ,
अपने गौरव से झुका माथ,
पुत्री भी, पिता गेह में स्थिर
छोड़ने के प्रथम जीर्ण-अजिर ।

च) उतर नशा जब उसका जाता
आती है संध्या बाला
बड़ी पुरानी बड़ी नशीली
नित्य ढला जाती हाला,
जीवन के संताप, शोक सब
इसको पी कर मिट जाते,
सुरा सुप्त होते मद-लोभी
जाग्रत रहती मधुशाला ।

छ) रोज अखबारों में पढ़कर ये ख्याल आया हमें,
इस तरफ आती तो हम भी देखते फस्ले बहार ।
मैं बहुत कुछ सोचता रहता हूँ, पर कहता नहीं,
बोलना भी है मना, सच बोलना तो दर किनार ।
इस सिरे से उस सिरे तक सब शरीके जुर्म है,
आदमी या तो जमानत पर रिहा है या फरार

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **10**

1) जयशंकर प्रसादजी के काव्य 'कामायनी' श्रध्दा सर्ग के काव्य सौंदर्य पर प्रकाश डालिए ।

**अथवा**

2) 'कुकुरमुत्ता निराला की प्रगतिवादी कविता है'' इस कथन की तर्क संगत व्याख्या कीजिए ।

**3.** निम्नलिखित लघुत्तरीय प्रश्नों में से **किन्ही पाँच** प्रश्नों के उत्तर 10 से 15 पंक्तियों में लिखिए ।

1) अछूत की शिकायत कविता का आशय लिखिए ।

2) 'प्रियप्रवास' काव्य में व्यक्त राधा की मनोव्यथा लिखिए ।

3) मनु ने श्रध्दा को जब पहली बार देखा, उस समय के श्रध्दा के सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

4) मधुशाला में व्यक्त लोककल्याण की भावना को स्पष्ट कीजिए ।

5) महादेवी वर्मा के काव्य की विशेषताएँ लिखीए।

6) सुमित्रानंदन पंत का परिचय दीजिए ।

7) निराला का कुकुरमुत्ता किसका प्रतिनिधित्व करता है ।

**4.** निम्नलिखित सभी लघुत्तरी प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है । **10**

1) पंत की भाषा पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

2) श्रध्दा ने मनु से सहारा न खोजने की दशा कैसे बतायी ।

3) दुष्यंत कुमार के काव्य की विशेषताएँ लिखिए ।

4) निराला के मुक्त छंद का तात्पर्य लिखिए ।

5) भवानी प्रसाद मिश्र के काव्यों के नाम लिखिए ।

**5.** निम्नलिखित निर्देशों या विकल्पों के आधार पर वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है । **10**

1) महादेवी वर्मा कृत 'निरजा' काव्य को कौनसा पुरुस्कार प्राप्त हुआ हैं ?
अ) शलाका ब) मंगलाप्रसाद
स) ज्ञानपीठ द) सेक्सारिया

2) मनु के पुछने पर श्रध्दा ने श्याम देश किसे बताया ?

अ) धर्म क्षेत्र को ब) कर्मक्षेत्र को

स) ऐश्वर्य को द) विलासिता को

3) सरोज की मृत्यु किस मास में हुई ?

अ) आषाढ़ में ब) श्रावण में

स) क्वार में द) भादों में

4) निम्न में से कौन सा काव्य प्रसाद जी का नही है ?

अ) कामायनी ब) यशोधरा

स) लहर द) आंसू

5) निम्नलिखित में से कौन सा कवि अरविंद दर्शन से प्रभावित है ?

अ) महादेवी वर्मा ब) सुमित्रानंदन पंत

स) केदारनाथ द) बच्चन

6) किसने अपनी वेदना को मधुमय पीड़ा कहा है ?

अ) महादेवी वर्मा ब) हीरा डोम

स) प्रसाद जी द) हरिवंशराय बच्चन

7) 'कामायनी' में मनु पुत्र कुमार किसका रुपक है ?

अ) वृध्दि ब) मानव

स) मन द) श्रध्दा

8) कुकुरमुत्ता अपने आप को कौन से सितारवादक के हाथ का सितार बताता है ?

अ) कल्लू खाँ ब) मुन्ने खाँ

स) चुन्ने खाँ द) अयूब खाँ

9) किस कृती में राधा को नवीन रुप में उपस्थित किया गया ?

अ) सूरसागर ब) भ्रमरगीत

स) प्रियप्रवास द) कृष्ण गीतावली

10) निराला किस भाव के कवि थे ?

अ) विद्रोही ब) वात्सल्य

स) वीर द) श्रृंगार

***************